व्याख्या—लूनी नदी अरावली श्रेणी में अजमेर के दक्षिण-पश्चिम से निकलती है। 320 किमी0 लम्बी यह नदी अरावली के समांतर में अर्द्ध-मरुस्थलीय प्रदेश में प्रवाहित होकर कच्छ की खाड़ी में गिरती है। माही मध्य प्रदेश में विन्ध्याचल पर्वत के पश्चिमी भाग में मेहद झील से निकलती है। 580 किमी0 की लम्बाई में धार, झाबुआ, रतलाम आदि में प्रवाहित होकर खम्भात की खाड़ी में गिरती है। यह बांसवाड़ा एवं डूंगरपुर जिलों की सीमा रेखा बनाती है।
नोटः उपरोक्त में से कोई विकल्प सही नहीं है।

710. सापेक्षिक दृष्टि से राजस्थान के निम्न भू-आकृतिक प्रदेशों का भाग जो अस्पष्ट अधर प्रवाह का क्षेत्र है—
(a) दक्षिण-पूर्वी (b) उत्तर-पश्चिमी
(c) दक्षिण-पश्चिमी (d) उत्तर-पूर्वी
उत्तर-(d)

RPSC RAS/RTS 1996

व्याख्या—सापेक्षिक दृष्टि से राजस्थान के निम्न भू-आकृतिक प्रदेशों का भाग उत्तर-पूर्वी भाग में अस्पष्ट अधर प्रवाह परिलक्षित होता है।

711. **निम्नांकित में से कौन-सा युग्म सही है?**
(a) बाणगंगा बनास
(b) कोठारी लूनी
(c) सूकड़ी चम्बल
(d) जाखम माही
उत्तर - (d)

RPSC RAS/RTS 1997-98

व्याख्या—माही नदी की सहायक नदी जाखम है, माही नदी मध्य प्रदेश के विध्यांचल पर्वत से निकलकर उत्तर की ओर बहने के पश्चात् खादूं के निकट राजस्थान के बांसवाड़, जिले में प्रवेश करती है। यह खम्भात की खाड़ी में गिर जाती है। माही की अन्य सहायक नदियां सोम, आनास, चाप एवं मोरन नदियाँ हैं।

712. राजस्थान के वे दो जिले जिनमें कोई नदी नहीं है—
(a) जैसलमेर एवं बाड़मेर (b) जैसलमेर एवं जालौर
(c) बीकानेर एवं चुरू (d) जोधपुर एवं जैसलमेर
उत्तर - (c)

RPSC-2022
RPSC Computer Exam-2018 Date 07-10-2022
RPSC ARO/AARO-2022 G.K. & Horticulture
कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (जैविक) -2019
RPSC RAS/RTS 1997-98

व्याख्या— राजस्थान राज्य के बीकानेर तथा चुरु जिलों में कोई नदी प्रवाहित नहीं होती, जबकि जैसलमेर जिले में काकनेय, लाठी, चोघण, धरुआ तथा धोगडी नदियाँ, बाड़मेर में लूनी और सूकड़ी नदियाँ, जालौर में लूनी, बांडी, जवाई, सूकड़ी नदियाँ तथा जोधपुर जिले में लूनी, माउडी एवं जोजरी नदियाँ प्रवाहित होती है।

713. निम्नांकित में से कौनसा जोड़ा सुमेलित नहीं है?

नदी	**सहायक नदी**
(a) बनास	– ढूंढ
(b) माही	– मिनाल
(c) लूनी	– जोजड़ी
(d) साबरमती	– माजम

Junior Instructor Welder Dt. 26.03.2019

Ans. (b) : सही सुमेलन इस प्रकार है–

नदी	**सहायक नदी**
a. बनास	– ढूंढ, खारी, मानसी, बेड़च, कोठारी
b. माही	– सोम, अनास, ईराऊ, चाप, जाखम, मोरेन, मिनाल
c. लूनी	– जोजड़ी, बांडी, सुकड़ी, जवाई
d. साबरमती	– माजम, वाकल, मेशवा, वात्रक

मिनाल नदी, बनास की सहायक नदी है अतः (b) विकल्प सही है।

714. निम्नलिखित में से कौन सा सुमेलित नहीं है-

नदी	**सहायक नदी**
(a) माही	अनस
(b) लूनी	बाण्डी
(c) कालीसिंध	निवाज
(d) बनास	सागी

Complier Exam Date-21.08.2016

Ans. (d) सही सुमेलित है–

नदी		**सहायक नदी**
माही	–	अनस, सोम, जाखम, भादर।
लूनी	–	बाण्डी, लीलड़ी, सूकड़ी, जवाई।
कालीसिंध	–	निवाज, परवन, आहू।
बनास	–	बेड़च, मेनाल, कोठारी, मानसी, खारी

अतः विकल्प d सुमेलित नहीं है।

715. 'वेणेश्वर' तीन नदियों के संगम पर अवस्थित है। निम्नलिखित में से कौन सी नदी इसके अंतर्गत नहीं है?
(a) बनास (b) माही
(c) सोम (d) जाखम

अन्वेषक सीधी भर्ती परीक्षा 2019 (Ex. Dt. 27-12-2020)

Ans. (a) 'वनवासियों का धाम' कहलाने वाला 'वेणेश्वर' 'सोम, माही और जाखम' नदियों के संगम पर डूंगरपुर जिले में स्थित है। यहाँ प्रतिवर्ष माघ शुक्ल एकादशी से माघ पूर्णिमा तक विशाल मेला लगता है। बेणेश्वर धाम में लगने वाले मेले को आदिवासियों का महाकुंभ कहा जाता है। इस स्थल का सर्वाधिक महत्व मृतात्माओं की मुक्ति स्थल के रूप में है।

716. वेणेश्वर, माही नदी व _________ का संगम है।
(a) अनास (b) एराठ
(c) सोम (d) साबरमती

कनिष्ठ अनुदेशक (फिटर) भर्ती परीक्षा-2018

Ans. (c) उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

717. निम्नलिखित में से वह जिला जहाँ तीन नदियों का संगम होता है-
(a) बाँसवाड़ा (b) उदयपुर
(c) सिरोही (d) डूगरपुर

Prayogshala Sahayak (Geography)-30.06.2022

Ans. (d) : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

718. राजस्थान में बेणेश्वर त्रिवेणी किन नदियों के मिलन-स्थल पर स्थित है-
(a) बनास, बेड़च एवं मेनाल (b) बनास, डाई एवं खारी
(c) बनास, चम्बल एवं सीप (d) सोम, माही एवं जाखम

JEN Mechanical Degree Exam Date : 21.8.2016

Ans. (d) उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।